# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की ''विद्या परिषद्'' की दिनांक 08.05.2024 को सम्पन्न हुई 19वीं बैठक का कार्यवृत्त।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की विद्या परिषद की 19 वीं बैठक दिनांक 08 मई 2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे विश्वविद्यालय के पंडित नारायण दत्त तिवारी कॉन्फ्रेंस हॉल में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नॉकित मा0 सदस्यगण एवं अन्य आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे।

(1) प्रो0 ओंकार सिंह, मा0 कुलपति, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून। –अध्यक्ष
(2) डॉ बी0के0 सिंह, निदेशक, बी0आई0एस0 भीमताल । –सदस्य
(3) डॉ प्रहलाद सिंह, निदेशक, शिवालिक कालेज देहरादून। –सदस्य
(4) डॉ0 वाई0 एस0 नेगी निदेशक, एस0आई0एच0एम0 नई टिहरी। –सदस्य
(5) डॉ0 टी0 पी0 सिंह, प्रतिनिधि कुलपति, जी.बी.पी.यू.ए.टी.पन्तनगर। –सदस्य
(7) डॉ0 अमित अग्रवाल, निदेशक, आई0टी0 गोपेश्वर। –विशेष आंमत्रित सदस्य
(8) डॉ0 अजीत सिंह, प्रभारी निदेशक, एन0पी0एस0आई0टी0 पिथौरागढ़। –विशेष आंमत्रित सदस्य
(9) डॉ0 एच.एल. मंडोरिया, निदेशक, डॉ.ए.पी.जे.के.आई.टी. टनकपुर –विशेष आंमत्रित सदस्य
(10) डॉ0 एच.एस. भदौरिया, प्रभारी निदेशक, आई0टी0 बौन उत्तराकाशी। –विशेष आंमत्रित सदस्य
(11) डॉ0वी0के0 पटेल, परीक्षा नियंत्रक, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय –आंमत्रित सदस्य
(12) श्री बी.एस.जन्तवाल, वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय –आंमत्रित सदस्य
(13) डॉ0 विशाल रमोला, फैकल्टी ऑफ टेक्नालोजी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय – आंमत्रित सदस्य
(14) प्रो0 सत्येन्द्र सिंह, कुलसचिव, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, –पदेन सचिव

सर्वप्रथम बैठक प्रारम्भ करने से पूर्व कुलसचिव द्वारा विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया एवं मा0 कुलपति महोदय का अभार व्यक्त करते हुए कुलसचिव द्वारा मा0 सदस्यों के समक्ष एजेण्डा प्रस्तुत किया गया, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः–

**बिन्दु सं0–19.01**

विद्या परिषद की 18वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

बैठक में सर्वसम्मति द्वारा विद्या परिषद की 18 वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–19.02**

विद्या परिषद की दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को सम्पन्न हुई 19वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में कृत कार्यवाही की सूचना।

**विनिश्चय–**

विद्या परिषद के सम्मानित सदस्यों द्वारा विद्या परिषद की 18 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में पूर्ण हो चुकी कार्यवाहियों हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया तथा जिन बिन्दुओं पर कार्यवाही गतिमान है, उन पर शीघ्र कार्यवाही पूर्ण किये कराये जाने की अपेक्षा की गयी।

**बिन्दु सं0–19.03–वीर माधो सिंह भण्डारी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की परीक्षा समिति की 37 वीं बैठक में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

वीर माधो सिंह भण्डारी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की परीक्षा समिति की 37 वीं बैठक दिनांक 06 मई 2024 को सम्पन्न हुई जिसमें लिये गये निर्णयों का विवरण मा0 विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्तानुसार विद्या परिषद् द्वारा परीक्षा समिति की 37 वीं बैठक के कार्यवृत्त एवं लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। **(संलग्नक–1)**

बिन्दु सं0–19.03–

**विश्वविद्यालय द्वारा BCA (त्रिवर्षीय), BBA (त्रिवर्षीय) & LLM (द्विवर्षीय) पाठयकमों की ओर्डिनेन्स एवं नवीन पाठ्यचर्या निर्माण किये जाने के उद्देश्य से B.O.S.** (Board of Studies) की दिनांक 06 मई 2024 को बैठक आयोजित की गई। **B.O.S. द्वारा जारी कार्यवृत्त व पाठ्यचर्या की स्वीकृति प्रदान करने का प्रस्ताव, मा0 सदस्यों के सक्षम अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा BCA (त्रिवर्षीय), BBA (त्रिवर्षीय) & LLM (द्विवर्षीय) पाठयकमों के ओर्डिनेन्स एवं पाठ्यचर्या निर्माण किये जाने के उद्देश्य से B.O.S. (Board of Studies) की बैठकों के स्तर से प्रस्तुत प्रस्तावों को निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया :–

1- Computer Science Engg. विभाग के अन्तर्गत BCA पाठयकम के ऑर्डिनेन्स एवं नवीन पाठ्यचर्या निर्माण किये जाने हेतु Computer Science Engg. विभाग के B.O.S. द्वारा BCA पाठयकम हेतु प्रस्तुत ऑर्डिनेंस एवं नवीन पाठयचर्या पर अनुमोदन प्रदान किया गया। (संलग्नक–02)

2- Management विधा के अन्तर्गत BBA पाठयकम के ऑर्डिनेन्स एवं नवीन पाठ्यचर्या निर्माण किये जाने हेतु Management विभाग के B.O.S. द्वारा BBA पाठयकम हेतु प्रस्तुत ऑर्डिनेंस एवं नवीन पाठयचर्या पर अनुमोदन प्रदान किया गया। (संलग्नक–3)

3- LAW विधा के अन्तर्गत LLM (द्विवर्षीय) पाठयक्रम का ऑर्डिनेन्स एवं नवीन पाठ्यचर्या निर्माण किये जाने हेतु LAW विधा के B.O.S. द्वारा LLM पाठयक्रम हेतु प्रस्तुत ऑर्डिनेंस एवं नवीन पाठयचर्या पर अनुमोदन प्रदान किया गया। (संलग्नक–04)

बिन्दु सं0–**19.04**–

**नरेन्द्रनगर में कैम्पस संस्थान के रूप में लॉ कालेज खोले जाने के संबंध में प्रस्ताव मा0 परिषद् के सक्षम प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

नरेन्द्रनगर में शैक्षणिक सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय के कैंपस संस्थान के रूप में लॉ कालेज संचालित किये जाने के संबंध में प्रस्ताव पर मा0 विद्या परिषद द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी तथा इसे आगामी कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

बिन्दु सं0–19.05–

**विश्वविद्यालय व कैंपस संस्थानों में सत्र 2024–25 हेतु शिक्षकों की Short Term Engagement (अल्पकालीन) 11 माह हेतु पूर्णतः अस्थाई व स्ववित्त पोषित आधार पर रखे जाने की सूचना मा0 परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

विश्वविद्यालय व परिसर संस्थानों में सत्र 2024–25 हेतु Assistant Professor- **Short Term Engagement** के आधार पर 11 माह के अवधि हेतु शिक्षकों की तैनाती 1:20 के शिक्षक, छात्र अनुपात (AICTE के मानक) पर स्ववित्त पोषित व्यवस्था के तहत ए0आई0सी0टी0ई0 एवं यू0जी0सी0, नई दिल्ली की व्यवस्था के अनुसार पूर्णतः अस्थाई व स्ववित्त पोषित आधार पर (Short Term Engagement) 11 माह की अवधि हेतु रू0 57700/–नियत वेतन पर विश्वविद्यालय व परिसर संस्थानों की शैक्षणिक आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा विगत में कार्य परिषद द्वारा नियमानुसार निर्धारित चयन समिति की संस्तुति के अनुसार मेरिट लिस्ट से किये जाने पर मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0–19.06–

**माह दिसम्बर 2023 से आतिथि तक विश्वविद्यालय से पी0एच0डी0 पूर्ण कर चुके 11 शोधार्थियों की विषयवार सूची संलग्न कर विद्या परिषद के अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में संचालित पी0एच0डी0 में पंजीकृत शोधार्थी माह दिसम्बर 2023 से आतिथि तक पी0एच0डी0 पूर्ण कर चुके 11 शोधार्थियों को पी.एच.डी. हेतु मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। **(संलग्नक–5)**

बिन्दु सं0–19.07–

**विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अंग्रेजी एवं विधि विषयों में एस0सी0आई0 जरनल पेपर की बाध्यता को हटाये जाने के संबंध में प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अंग्रेजी एवं विधि विषयों में पी0एच0डी0 आर्डिनेंश 2020 के नियमानुसार एस0सी0आई0 जरनल पेपर की बाध्यता को हटाये जाने हेतु प्रस्तावित, चूंकि उक्त विषयों में एस0सी0आई0 जरनल पेपर या तो है ही नही और यदि है तो बहुत ही सीमित शीर्षको में उपलब्ध है पर विचारोपरान्त मा0 विद्या परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रकरण का विशेषज्ञों की समिति से परीक्षण कराकर संस्तुतियों के साथ आगामी विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

बिन्दु सं0–19.08–

**विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित 1 वर्षीय एल0एल0एम0 पाठयक्रम को दो वर्षीय एल0एल0एम0 पाठयक्रम के रूप में संचालित किये जाने के संबंध में प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित 1 वर्षीय एल0एल0एम0 पाठयक्रम को यू0जी0सी0 के प्राविधानानुसार दो वर्षीय पाठयक्रम के रूप में सचालित किये के संबंध में विधि संस्थानों के साथ प्रकरण पर संपन्न बैठक के कार्यवृत्त माननीय विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किये गये। चर्चा उपरांत मा0 विद्या परिषद द्वारा समस्त एक वर्षीय एल.एल.एम. पाठयक्रमों को विधि संस्थानों के निदेशकों के साथ संपन्न बैठक इस हेतु अर्हता पूर्ण न करने के दृष्टिगत एल.एल.एम. को दो वर्षीय पाठयक्रम के रूप संचालित करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। **(संलग्नक–6)**

बिन्दु सं0–19.09–

**विश्वविद्यालय में PG Diploma in Cyber Security तथा B.Tech Cyber Security को Organizations/Industry/Field Experts के Collaboration से संचालित किये जाने के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

**विनिश्चय–**

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में साईबर क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के साथ मिलकर PG Diploma in Cyber Security तथा विश्वविद्यालय में संचालित B.Tech Cyber Security का द्वितीय वर्ष से चौथे वर्ष तक के कतिपय विषयों को Field Experts से अध्यापन के सम्बन्ध में वित्त समिति के निर्देशानुसार गठित समिति की रिपोर्ट के अनुसार PG Diploma in Cyber Security को Crane varsity के साथ एवं B.Tech Cyber Security को CMAI, New Delhi के साथ मिलकर वित्त समिति द्वारा अनुमोदित व्यवस्था अनुसार संचालित करने पर माननीय विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया था एवं भविष्य में इसका आवश्यकता अनुसार संचालन परिमार्जित करने हेतु अधिकृत किया गया था। किन्तु उक्त संस्थाओं Crane varsity तथा CMAI, New Delhi द्वारा बार–बार ई–मेल से संपर्क स्थापित किये जाने पर सन्दर्भित पाठ्यक्रम मिलकर संचालित करने से मना कर दिया गया है। अतः चिन्हित संस्थाओं के साथ मिलकर अध्यापन न होने की दशा में उन्ही शर्तो पर अन्य उपयुक्त संस्था से अनुमोदनानुसार

कार्यवाही किये जाने पर मा0 विद्या परिषद द्वारा सहमति व्यक्त की गयी जिस पर डॉ विशाल रमोला कोर्डिनेटर एफ0ओ0टी0 द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया है कि अन्य कम्पनियों से बातचीत चल रही है। Crane varsity व CMAI, New Delhi के स्थान पर चिन्हित नई संस्थाओं के साथ मिलकर पूर्व की अनुमोदित शर्तो के अनुसार संचालित करने पर मा0 विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0—19.10—

**स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन नई टिहरी में वाटर स्पोटर्स, एडवेन्चर एवं वेलनेस टूरिज्म से सम्बन्धित डिप्लोमा कोर्स के संबंध में प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय—**

मा0 विद्या परिषद् को अवगत कराया गया कि स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन नई टिहरी, सोसायटी के प्रशासक मण्डल (BOG) की 8वीं वाार्षिक बैठक दिनांकः—10 / 10 / 2023 के बिन्दु संख्याः—04 में प्रस्तुत प्रस्ताव के क्रम में डिप्लोमा कोर्स वाटर स्पोटर्स, एडवेन्चर एवं वेलनेस टूरिज्म से सम्बन्धित कोर्स का पाठयक्रम तैयार किया जाना है। जिसका औचित्य उत्तराखण्ड में पर्यटन के बढते व्यवसाय के दृष्टिगत नौजवानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा कौशल विकास को प्रमाणित किया जाना है। प्रशासक मण्डल (BOG) के द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसहमति से स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईट न्यूट्रीशन, नई टिहरी में वाटर स्पोटस, एडवेन्चर एवं वेलनेस टूरिज्म से सम्बन्धित पाठ्यक्रम को तैयार किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

अतः उपरोक्त के क्रम में संस्थान स्तर से वाटर स्पोटर्स, एडवेन्चर एवं वेलनेस टूरिज्म पाठयक्रम से सम्बन्धित प्रस्तुत प्रस्ताव (1) Diploma Course In Adventure Tourism एवं (2) Diploma Course In Wellness Tourism को माननीय विद्या परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। चर्चा के उपरांत विद्या परिषद द्वारा संस्थान को समस्त तैयारी पूर्ण कराते हुये 30 सीट प्रति पाठयक्रम के साथ संचालित करने की स्वीकृति दी गयी। इस हेतु पाठ्यचर्या व पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की होटल मैनेजमैंट की BOS द्वारा तैयार किया जायेगा जिसमें अन्य विषय विशेषज्ञ विश्वविद्यालय द्वारा नामित किये जायेंगे। इसके बाद इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियम, पाठ्यक्रम व पाठ्चर्या को स्वीकृति हेतु संस्थान स्तर से प्रेषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। **(संलग्नक—7)**

बिन्दु सं0—19.11—

**शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आयोजित प्रवेश प्रकिया के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के परिसर संस्थान एवं समस्त सम्बद्ध निजी संस्थानों में प्रवेश प्रकिया की सूचना का प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय—**

मा0 विद्या परिषद् को अवगत कराया गया कि शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एकल खिड़की प्रवेश प्रकिया के अन्तर्गत विश्वविद्यालय व इसके परिसर संस्थान एवं समस्त सम्बद्ध निजी संस्थानों में संचालित तकनीकी, फार्मेसी, विधि, होटल मैनेजमेंट, व्यावसायिक पाठयक्रम हेतु प्रवेश प्रकिया विगत शैक्षिक सत्र 2023—24 की भॉति ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण की जानी है जिसमें

विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठयक्रमों के लिए ऑनलाइन पंजीयन व प्रवेश काउंसलिंग की व्यवस्था विगत 2023–24 सत्र में अपनाई गयी प्रक्रिया अनुसार की गयी है। अतः सत्र 2024–25 के प्रवेश हेतु मा0 विद्या परिषद द्वारा विगत सत्र 2023–24 के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया एकल खिड़की व्यवस्था से कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0–19.12–

**विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी संस्थान रूडकी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की एवं रूड़की इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी रूड़की में एम0 टेक0 पाठ्यक्रम 2020–2022 में अध्ययनरत 10 छात्रों की समयावधि आर्डिनेस के अनुसार बढाये जाने का प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

मा0 विद्या परिषद् द्वारा संज्ञान में लिया गया कि उक्त संस्थानों द्वारा प्रकरण को समय पर विश्वविद्यालय विद्या परिषद में प्रस्तुत नहीं किया गया। विद्या परिषद में प्रकरण पर गहन चर्चा की गयी। प्रभावी एम.टैक. आर्डिनेन्स के बिन्दु 4.2 के अनुसार निर्दिष्ट है कि "Maxmimum Time allowed for a candidate admitted in M.Tech for completing M.Tech is 3 years may be relaxed upto 4 years on genuine reason by Academic Council." इस क्रम में मा0 विद्या परिषद द्वारा गुण–दोष के आधार पर प्रस्तुत प्रकरणों का परीक्षण कर औचित्यपूर्ण कारण न उपलब्ध होने और निर्धारित समयावधि बीत जाने के दृष्टिगत प्रस्तुत प्रकरणों पर अनुमोदन नहीं प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0–19.13–

**पी0एच0डी0, एम0टेक, एम0फॉर्मा एवं एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम की Anti Plagiarism Software Turnitin के स्थान पर Drill Bit Plagiarism Detection software लागू किये जाने के संबंध में प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्या परिषद की अष्ठम् बैठक के बिन्दु संख्या–14 में निर्णय लिया गया था कि पी0एच0डी0, एम0टेक एवं एम0फॉर्मा पाठ्यक्रम की Anti Plagiarism Software Turnitin से चेक किया जा रहा था। संबंधित सॉफटवेयर दिनांक 10.04.2024 को समाप्त हो गया। तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा Turnitin की टीम से ईमेल के माध्यम से सम्पर्क किया गया है, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि यदि विश्वविद्यालय एवं 06 कैम्पस संस्थानों हेतु TurnitinSoftware एक वर्ष हेतु रू0 3700000/– (सैतीस लाख मात्र) वहन करना होगा। जब कि पूर्व के द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय, कैम्पस संस्थान एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों को TurnitinSoftware का लॉगिन प्रदान किया जाता है तो एक वर्ष हेतु रू0 1,2300000/–(रू0 एक करोड़ तेइसलाख) विश्वविद्यालय वहन किया जाना होगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के निर्देश क्रम में पी0एच0डी0 थीसिस एवं रिसर्च आर्टिकलस के लिए Drill Bit Plagiarism Detection software/ShodhShuddhiके माध्यम से पी0एच0डी0 हेतु आंवटित किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्य एल0एल0एम0, एम0टैक एवं एम0फार्मा की थिसिस हेतु अलग

से Drill Bit Plagiarism Detection software One Admin and 30 user accounts 5000 Document submission 1 year Annual subscription cloud Based Anti Plagiarism Software Service GST सहित रू0 413000/– (रू0 चार लाख तेरह हजार) का वहन करना होगा।उपरोक्त के दृष्टिगत Anti Plagiarism Software Turnitin की कीमत अधिक होने के कारण उसके स्थान पर Drill Bit Plagiarism Detection software खरीदें/लागू किये जाने जिसे आवश्यकतानुसार संख्या को बढ़वाया जा सकेगा। उक्त प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया

**बिन्दु संख्याः–19.14**

विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2024–25 से स्ववित्त पोषित स्वरूप में द्विवर्षीय एल0एल0एम0 पाठयक्रम संचालन किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

**विनिश्चय–**

विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2024–25 से स्ववित्त पोषित स्वरूप में द्विवर्षीय एल0एल0एम0 पाठयक्रम संचालन किये जाने का प्रस्ताव मा0 सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय स्तर पर अन्य पी0जी0 पाठयक्रम की भॉति एल0एल0एम0 पाठयक्रम को संचालित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर कक्षा, कक्षों व अन्य आधारभूत सुविधाओं फैक्लटी आदि की नियमानुसार व्यवस्था करने एवं फैकल्टी ऑफ लॉ को स्थापित करते हुए इसके अन्तर्गत इसे प्रारंभ किये जाने हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति मा0 विद्या परिषद द्वारा प्रदान की गयी।

अन्य बिन्दु मा0 अध्यक्ष/कुलपति महोदय की अनुमति से।

बिन्दु संख्या– 19.15(1)

**होटल मैंनेजमैन्ट के बी0एच0एम0सी0टी0 में MOOCA आधारित विषयों को हटा कर उन्हें नियमित विषय के रूप में संचालित करने का प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

**विनिश्चय–**

विश्वविद्यालय से समस्त सम्बद्ध संस्थानों में होटल मैंनेजमैन्ट के बी0एच0एम0सी0टी0 पाठ्यक्रम में MOOCS आधारित विषयों को हटा कर उन्हें नियमित विषय के रूप में संचालित करने हेतु मा0 विद्या परिषद द्वारा चर्चा उपरांत अनुमोदन प्रदान किया गया तथा इस हेतु होटल मैनेजमेंट की BOS के स्तर से वांछित संशोधन व सिलेबस आदि तैयार कराकर इसे तत्काल प्रभाव से (2022–23 प्रवेशित बैच सहित) प्रभावी करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या– 19.15(2)

**विश्वविद्यालय के एकेडिमिक कलैण्डर सत्र 2024–25 जो परीक्षा समिति से अनुमोदित को मा0 विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**विनिश्चय–**

विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित एकेडिमिक कलैण्डर सत्र 2024–25 पर मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया तथा इसमें अपरिहार्य परिस्थिति में समय–समय पर परिवर्तन किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया है। **(संलग्नक–8)**

**(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)**
कुलसचिव
सदस्य सचिव

**(प्रो0 ओंकार सिंह)**
कुलपति
अध्यक्ष

संलग्नक-01

**बीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय, देहरादून की दिनांक 06.05.2024 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की 37 वीं बैठक का कार्यवृत्त**

वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की परीक्षा समिति की दिनांक 06 मई, 2024 को सम्पन्न 37वीं बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ओंकार सिंह, कुलपति, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 एच0एल0 मंदोरिया, निदेशक, डॉ0ए0पी0जे0ए0के0आई0टी0,टनकपुर | सदस्य (आनलाइन) |
| 3. | डॉ0, एम0के0 पाण्डा, निदेशक, डब्ल्यू0आई0टी0, देहरादून | सदस्य |
| 4. | डॉ0 संजय गैरोला, प्रोफेसर, ई0ई0डी0, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी | सदस्य (आनलाइन) |
| 5. | डॉ0 आशीष नेगी, प्रोफेसर, सी0एस0ए0, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी | सदस्य |
| 6. | डॉ0 अनिरूद्ध गुप्ता, प्रोफेसर, एम0ई0डी0, बी0टी0के0आई0टी, अल्मोड़ा | सदस्य |
| 7. | डॉ0 अजीत सिंह, प्रोफेसर, सी0एस0ई0, बी0टी0के0आई0टी, अल्मोड़ा | सदस्य |
| 8. | डॉ0 गजेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ मैनेजमैन्ट, दून विश्वविद्यालय, देहरादून | सदस्य (आनलाइन) |
| 9. | कुलसचिव, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 10. | वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 11. | परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | सदस्य |

परीक्षा समिति की बैठक में डॉ0 पी0सी0 गोप, प्रोफेसर, एम0ई0डी0, सी0ओ0टी0, जी0बी0पी0यू0ए0टी0, पन्तनगर अपरिहार्य कारणों से बैठक में प्रतिभाग नहीं कर सके।

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा0 कुलपति महोदय/अध्यक्ष, परीक्षा समिति सहित समिति के सभी सदस्यों एवं आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

बिन्दु संख्या–37–01

परीक्षा समिति की 36 वीं बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा समिति की 36 वीं बैठक दिनांक 29.12.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–37–02–

परीक्षा समिति की 36 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा समिति की 36 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

बिन्दु संख्या–37–03–

सुश्री जसलीन कौर बी0फार्म की छात्रा के चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय से प्रथम वर्ष उत्तीर्ण के उपरान्त यू0टी0यू में स्थानान्तरण के फलस्वरूप चतुर्थ वर्ष के परीक्षाफल के उपरान्त मार्कसीट तथा छात्रा की प्रथम वर्ष के परीक्षाफल को सम्मिलित करने संबंधी।

विनिश्चय– बैठक में अवगत कराया गया है कि विगत में सुश्री जसलीन कौर बी0फार्म की छात्रा के चण्डीगढ विश्वविद्यालय से प्रथम वर्ष उत्तीर्ण होने के बाद द्वितीय वर्ष में स्थानान्तरण वी0मा0सि0भ0उ0प्रौ0 विश्वविद्यालय में किया गया था। विश्वविद्यालय में बी0फार्मा पाठ्यक्रम के ग्रेडिंग सिस्टम में होने के कारण चड़ीगढ विश्वविद्यालय की प्रथम वर्ष के ग्रेडिग को यथावत्



06/05/2024

1/10

9

सम्मिलित करते हुए द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ की अंकतालिका ग्रेडिंग आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत की गयी। परीक्षा समिति द्वारा प्रकरण में अंकतालिका सहित कृत कार्यवाही पर सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–37–04

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय लॉ संस्थानों में अध्ययनतर कतिपय छात्रों के आन्तरिक अकं (Sessional Marks) अपडेट किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।

विनिश्चय–

परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय लॉ संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों द्वारा किसी कारणवश सेमेस्टर परीक्षा छोड़ने के कारण परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया था। प्रकरण में संशय की स्थिति पैदा होने के दृष्टिगत परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी सेमेस्टर में संबंधित संस्थानों के छात्रों द्वारा बैक परीक्षा के रूप में फॉर्म भरे एवं परन्तु पोर्टल में आन्तरिक अंक पोर्टल पर अपलोड न होने के कारण संबंधित संस्थानों द्वारा विलम्ब से प्रस्तुत आन्तरिक अंक (Sessional Marks) के समस्त पहलुओं जैसे–आन्तरिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच, उपस्थिति, आन्तरिक परीक्षा कब सम्पन्न हुई आदि की विस्तृत जांच हेतु जांच कमेटी गठित किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया है एवं जांचोपरान्त सम्पूर्ण विवरण आगामी परीक्षा समिति में निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जायेगा।

बिन्दु संख्या–37–05

छात्रों के लिए मॉडल समाधान मूल्यांकन प्रर्दशन हेतु अनुमोदन।

विनिश्चय–

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की गुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा मॉडल सॉल्यूशन तैयार कराने के बाद ही इसके आधार पर मूल्यांकन कराने एवं इसको मूल्यांकन के पश्चात पारदर्शिता हेतु छात्रों का प्रदर्शित किये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा छात्रहित मे अच्छा कदम बताते हुए सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–37–06–

विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–जनवरी 2023–24 में अनुचित साधन में पकड़े गये छात्रों के निस्तारण के जाने पर विचार एवं निर्णयार्थ।



02/10

06/05/2024

10

विनिश्चय— बैठक में विषम सेमेस्टर परीक्षा **दिसम्बर—जनवरी 2023—24** में रेगुलर, एवं बैक पेपर, परीक्षा में अनुचित साधन में पकड़े गये 79 छात्रों के निस्तारण के उपरान्त कृत कार्यवाही पर परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। सत्र दिसम्बर—जनवरी 2023—24 हेतु अनुचित साधन प्रयोग के प्रकरणों पर कार्यवाही संबंधी विवरण निम्नवत् हैः—

| TYPE | NO of Students | DECISION |
|---|---|---|
| Category A | 16 | Warning will be issued to the candidate not to repeat in future. If repeated, CONCERNED PAPER will be awarded ZERO marks or "F" grade. |
| Category B | 39 | Cancellation of result of CONCERNED PAPER and will be awarded ZERO marks or "F" grade in that paper. |
| Category C | 24 | Cancellation of result of CONCERNED PAPER and two other paper in which the candidate has secured the minimum marks percentage among the rest of the papers except the paper in which candidate has UFM. That is total three Paper will be awarded ZERO marks or "F" grade. |

बिन्दु संख्या—37—07—

परीक्षा संबंधी भुगतान की कृत कार्यवाही की सूचना।

विनिश्चय— परीक्षा समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर—2022—23, समर सेमेस्टर—2022—23, स्पेशल बैक पेपर—2022—23 एवं विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर—जनवरी, 2023—24 के पेपर सैटर के समस्त बिलों के भुगतान तथा विषम सेमेस्टर—2022—23 के मूल्यांकन कर्ताओं के कुल 172 देयकों के किये गये भुगतान पर संतोष व्यक्त करते हुए सम सेमेस्टर —2022—23 के आवेदित 70 देयकों एवं विषम सेमेस्टर 2023—24 के देयकों व तथा उड़ने दस्तें आदि के देयकों के भुगतान पर तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।

बिन्दुसंख्या—36—08—

विहाइव कालेज ऑुफ इंजी0 एवं बिहाइव कालेज ऑफ मैनेजमैन्ट, देहरादून की सेमेस्टर परीक्षा कराये जाने के जाने पर विचार एवं निर्णयार्थ।

विनिश्चय— परीक्षा समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया है कि BEEHIVE COLLEGE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY एवं BEEHIVE COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, DEHRADUN की सत्र 2022—23 से अस्थायी सम्बद्धता विस्तारित न होने के कारण संस्थान में अध्ययरनत छात्रों की परीक्षा इस संस्थान से न कराये जाने पर नियमानुसार निर्णय लिया जाये तथा सम्बद्धता के अभाव में संस्थान से परीक्षा न कराये जाने पर संबंधित संस्थान को सूचित किये जाने के निर्देश भी दिये गये है।

बिन्दु संख्या—37—09—

विषम सेमेस्टर—2023—24 की परीक्षाओं, मूल्यांकन व परीक्षाफल घोषित होने की सूचना।

विनिश्चय— बैठक में परीक्षा नियत्रंक द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर सत्र 2023—24 की परीक्षायें सुचारू रूप से माह दिसम्बर, 2023



Abpni 06/05/2024

3/10

11

में प्रारम्भ करते हुए माह जनवरी, 2024 में समाप्त हुई। परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को ऑनस्क्रीन मूल्यांकन के उपरान्त परीक्षाफल घोषित किये जा चुके है। परीक्षा समिति द्वारा संदर्भित परीक्षा संचालन, मूल्यांकन व परीक्षाफल के संबंध में की गयी कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–37–10–

सम सेमेस्टर 2023–24 परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण की सूचना।

विनिश्चय– बैठक में परीक्षा नियत्रंक द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर 2023–24 की परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है,। विगत में निर्णय लिया गया था कि जिन संस्थानों में 40 प्रतिशत से कम छात्रों का प्रवेश हुआ उन संस्थानों को परीक्षा केन्द्र न बनाया जाय, परन्तु इसमें कतिपय व्यावहारिक कठिनाईयां है। जैसे संस्थानों में कम्प्यूटर सांइस शाखा को छोड़कर अन्य शाखाओं में बहुत कम छात्रों को प्रवेश हुए है। संस्थानों में प्रवेशित छात्रों की संख्या कम होने के छात्र/ परीक्षा शुचिता हित में विगत के निर्णय को व्यावहारिक्ता के दृष्टिगत शिथिलता बरतते हुए 25 किमी0 से दूरी अधिक होने छात्रों की कठिनाईयां, आदि पर विचार करते हुए परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। INSTITUTE OF HOSPITALITY MGT AND SCIENCES, KOTDWAR में एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में दो छात्र प्रवेशित होने तथा कोई संस्था पास में न होने व DOON INST. OF ENGG. & TECHNOLOGY RISHIKESH की किसी भी सम्भावित परीक्षा केन्द्र से अधिक दूरी होने तथा चार धाम यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय नियंत्रणाधीन परीक्षा केन्द्र बनाने पर सहमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा निर्देश दिये गये है कि उक्त दोनो परीक्षा केन्द्रों पर सी0एस0 एवं पर्यवेक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त करते हुए यह परीक्षा केन्द्र विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन रहेगें, जिससे परीक्षा सुचारू रूप सम्पन्न हो सके। साथ ही परीक्षा समिति द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रश्न पत्र निर्माण, केन्द्र निर्धारण, मॉडरेशन, परीक्षकों/पर्यवेक्षकों /केन्द्र अधीक्षक/उड़ने दस्तें/ मूल्यांकनकर्ताओं /प्रधान परीक्षकों/उप प्रधान परीक्षकों आदि की तैनाती हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बिन्दु संख्या–37–11–

विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर–2023–24 में पास आउट छात्रों हेतु स्पेशल बैक पेपर परीक्षा कराये जाने पर विचार।

विनिश्चय– वर्तमान सत्र 2023–24 के अन्तिम वर्ष पास आउट होने वाले छात्रों की स्पेशल परीक्षा अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त पूर्व



04/10 06/05/2024 12

की भॉति सत्र 2023–24 के पास आउट छात्रों हेतु अगस्त–सितम्बर, 2024 में कराये जाने पर परीक्षा समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–37–12–

समर सेमेस्टर परीक्षा ऑर्डिनेन्स के अनुसार कराये जाने के संबंध में विचार ।

विनिश्चय– बैठक में चर्चा के उपरान्त समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी कि विश्वविद्यालय में प्रभावी आर्डिनेन्स के अनुसार विगत की भॉति इस सत्र के भी समर सेमेस्टर संचालन व परीक्षा की व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही की जाय।

बिन्दु संख्या–37–13–

होटल मैनेजमैन्ट में कतिपय MOOCS Course को नियमित विषय के रूप में अध्यापित कराये जाने के संबंध में विचार।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा संज्ञान लिया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध होटल मैनेजमेन्ट संस्थानों में संचालित BHMCT पाठ्यक्रम में कतिपय विषयों को MOOCS से अध्यापित कराया जाना निर्धारित है। इस प्रकार यह MOOCS Course नियमित विषय के रूप में अध्यापित नही है, जिसके कारण इनके परीक्षाफल लम्बित रहते हैं और विषम सेमेस्टर 2023–24 के अद्यतन बड़ी संख्या में परीक्षाफल रूके हूए हैं। समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त शुचिता व छात्रों के शैक्षणिक हित में निर्देश दिये गये है कि BHMCT के संदर्भित MOOCS Course को सत्र 2024–25 से संस्था स्तर से नियमित कक्षाओं में अध्यापित कराते हुए सम्पन्न किया जाय एवं इसे विद्या परिषद् में निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जाय।

बिन्दु संख्या–37–14–

विश्वविद्यालय द्वारा पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2024–25 आयोजित कराये जाने पर विचार एवं अनुमोदनार्थ।

विनिश्चय– विश्वविद्यालय द्वारा पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2024–25 माह जून–जुलाई,. 2024 में कराये जाने के प्रस्ताव पर परीक्षा समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्या–37–15–

विश्वविद्यालय से भुगतान होने वाले मानेदय मे से 02 प्रतिशत की कटौती कर विश्वविद्यालय निधि में जमा कराये जाने की सूचना।

विनिश्चय– परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय के प्रथम विनियमावली 2018 के प्राविधान 4.09 (2) के अनुसार विश्वविद्यालय से भुगतान होने वाले किसी भी प्रकार के परीक्षा संबंधी भुगतान के मानदेय पर 02 प्रतिशत कटौती कर इसे विश्वविद्यालय निधि में जमा करना प्रारम्भ किये जाने का संज्ञान लेते हुए की जा रही कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–37–16–

लॉ पाठ्यक्रम के कतिपय छात्रों को स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2022–23 घोषित किये जाने संबंधी।

विनिश्चय– परीक्ष समिति के समक्ष निम्न तथ्य प्रस्तुत किये गये। विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल बैक पेपर 2022–23 की परीक्षा सम्पादित की गयी है। सम्बद्ध विधि



05/10 06/05/2024 13

संस्थानों के कतिपय छात्रों का परीक्षाफल निर्धारित समय सीमा LLB 05 वर्ष एवं BBALLB/BALLB के 07 वर्ष पूर्ण होने के कारण रोक दिया गया था। विश्वविद्यालय में पूर्व प्रचलित ऑडिनेन्स में दी गयी व्यवस्था निम्नवत् हैं:–

**COMPLETION OF THE COURSE**

A candidate can complete LL.B (Three Year) Course in a maximum period of Five years and a double degree 5 years integrated programme in a maximum period of Seven years. In case a student fails to complete the course within the above stipulated period, he/she shall have to re-register him/her name in the course afresh if permitted under the rules. However the **Vice-Chancellor reserves the right to extend such period for another one year in rare and deserving cases.**

संबंधित छात्रों के रो0न0 निम्नवत् है:–

150901401020, 151401402007, 151291402131, 141291402080, 171221400012, 170901400076, 170901400039, 170281400055, 160901400076, 171511400024, 171511400017, 171401400062, 171401400041, 171401400006

परीक्षा समिति द्वारा निर्देश दिये गये है कि परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित प्रकरण पर छात्रवार परीक्षण करने के उपरान्त औचित्यानुसार मा0 कुलपति के स्तर से अनुमोदन प्राप्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

बिन्दु संख्या–37–17–

विषम सेमेस्टर 2023–24, बैक पेपर, भूतपूर्व छात्र परीक्षा बण्डल में त्रुटिंया पाये जाने संबंधी।

विनिश्चय–

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर 2023–24, बैक पेपर, भूतपूर्व छात्र की उत्तर पुस्तिकाओं में 05 संस्थानों द्वारा उपलब्ध करायी गई उत्तर पुस्तिका बण्डलों में त्रुटिंया पाये जाने को गंभीरता से लेते हुए समस्त पहलुओं पर विचार किया।

| | | |
|---|---|---|
| B.S.M. COLLEGE OF ENGINEERING, ROORKEE | ILA103 | परीक्षा दिनांक 15.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 43 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई उसमें 41 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। दो रोल नं0 231291801027, 231291801036 की उत्तर पुस्तिका 3318036, 3318017 अधिक है। |
| ROORKEE COLLEGE OF PHARMACY ROORKEE | BP101T | परीक्षा दिनांक 11.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 25 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 24 उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 200250300060 की उत्तर पुस्तिका नं0 3257241 अधिक है। |
| INSTITUTE OF TECHNOLOGY ROORKEE, ROORKEE | BCET501 | परीक्षा दिनांक 11.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 12 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 11 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 710590107015 की उत्तर पुस्तिका नं0 3128298 अधिक है। |
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | BAST301 | परीक्षा दिनांक 12.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 06 है जबकि ऑफलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 07 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 190570104007 की उत्तर पुस्तिका नं0 3206173 उपलब्ध नही है। |
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | BCST501 | परीक्षा दिनांक 11.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 12 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 11 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 200570101020 की उत्तर पुस्तिका नं0 3200415 अधिक है। |



06/10

06/05/2024

14

| | | |
|---|---|---|
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | BMET703A | परीक्षा दिनांक 16.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में रोल नं0 700570104025 की उत्तर पुस्तिका नं0 3202193 उपलब्ध है। जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में अनुपस्थिति दर्ज है। |
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | BEET301 | परीक्षा दिनांक 18.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 06 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 05 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 720570108032 की उत्तर पुस्तिका नं0 3203509 अधिक है। |
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | MBT102 | परीक्षा दिनांक 12.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 08 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 07 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 220570505040 की उत्तर पुस्तिका नं0 3205021 अधिक है। |
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | BEET505 | परीक्षा दिनांक 15.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 54 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 53 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 720570108046 की उत्तर पुस्तिका नं0 3221217 अधिक है। |
| PHONICS GROUP OF INSTITUTIONS | CST002 | परीक्षा दिनांक 16.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 52 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 51 छात्रों की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 220570101048 की उत्तर पुस्तिका नं0 3305432 अधिक है। |
| ARIHANT LAW COLLEGE ROORKEE | ILA301 | परीक्षा दिनांक 12.12.2023 हुई है। जिस बण्डल में उत्तर पुस्तिका 03 है जबकि ऑनलाईन उपस्थिति प्रपत्र में दर्शायी गई 01 छात्र/छात्रा की उपस्थिति अंकित है। रोल नं0 211221402003, 211221402014 की उत्तर पुस्तिका नं0 2345409, 2345413 अधिक है। |

समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि उपरोक्त तालिका में अंकित उत्तर पुस्तिकाओ को परीक्षाओं की शुचिता के दृष्टिगत स्वीकार नहीं किया जा सकता है एवं इनकी परीक्षा निरस्त समझी जाय।

बिन्दु संख्या–37–18–

विश्वविद्यालय में आनलाइन छात्र फ़ीड बैक प्रणाली प्रारम्भ करने के संबंध में।

विनिश्चय–

परीक्षा समिति को अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय में छात्रों के आनलाइन फीड बैक सिस्टम को University Management System के माध्यम से लिये जाने की व्यवस्था कर ली गई है। अतः प्रस्तावानुसार छात्रों को उनके परीक्षाफल/उत्तर पुस्तिका अवलोकित कराने से पूर्व आनलाइन फीड बैक आवश्यक रूप से लिया जाना इस सत्र 2023–24 से प्राविधानित कर दिये जाने पर परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–37–19

पी0एच0डी0, एम0टेक, एम0फॉर्मा एवं एल0एल0 एम0 पाठ्यक्रम की Anti Plagiarism Software Turnitin के स्थान पर Drill Bit Plagiarism Detection software लागू किये जाने के संबंध में।

विनिश्चय–

परीक्षा समिति को अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्या परिषद की अष्ठम् बैठक के बिन्दु संख्या–14 में हुए निर्णय लिया गया था कि पी0एच0डी0, एम0टेक एवं एम0फॉर्मा पाठ्यक्रम की Anti Plagiarism Software Turnitin से चेक किया जा रहा था। संबंधित सॉफटवेयर दिनांक 10.04.2024 को समाप्त हो गया। तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा Turnitin की टीम से ईमेल के माध्यम से सम्पर्क किया गया है, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि यदि विश्वविद्यालय एवं 06 कैम्पस संस्थानों हेतु Turnitin Software एक वर्ष हेतु रू0 3700000/– (सैतीस लाख मात्र) वहन करना होगा। जबकि पूर्व में Turnitin Software एक साल हेतु लगभग रू0 500000/– (पांच लाख) वहन किया गया था। साथ ही उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया



07/10 06/05/2024 15

है कि विश्वविद्यालय, कैम्पस संस्थान एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों को Turnitin Software का लॉगिन प्रदान किया जाता है तो एक वर्ष हेतु रू0 1,2300000/-(रू0 एक करोड़ तेइस लाख) विश्वविद्यालय वहन किया जाना होगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के निर्देश क्रम में पी0एच0डी0 थीसिस एवं रिसर्च आर्टिकलस के लिए Drill Bit Plagiarism Detection software/ShodhShuddhi के माध्यम से पी0एच0डी0 हेतु आंवटित किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्य एल0एल0एम0, एम0टैक एवं एम0फार्मा की थिसिस हेतु अलग से Drill Bit Plagiarism Detection software One Admin and 30 user accounts 5000 Document submission 1 year Annual subscription cloud Based Anti Plagiarism Software Service GST सहित रू0 413000/- (रू0 चार लाख तेरह हजार) का वहन करना होगा। उपरोक्त के दृष्टिगत Anti Plagiarism Software Turnitin की कीमत होने के कारण उसके स्थान पर Drill Bit Plagiarism Detection software खरीदें/लागू किये जाने एवं आवश्यकतानुसार इसकी क्षमता/संख्या को बढ़ाये जाने पर परीक्षा समिति द्वारा सहमति प्रदान करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या-37-20

Academic Calendar session 2024-25 अपडेट किये जाने के संबंध में।

विनिश्चय-

परीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय Academic Calendar 2024-25 का अवलोकन करते हुए विषम सेमेस्टर 2024-25 के सम्पूर्ण कार्यक्रम व सम सेमेस्टर 2024-25 के प्रारम्भ की तिथियों सहित संलग्नक-1 अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया एवं अपरिहार्य परिस्थितियों में इसके परिमार्जन हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बिन्दु संख्या-37-21 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु

37-21.1 विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षाओं में पर्यवेक्षक/उड़न दस्तें तैनाती के संबंध में

विनिश्चय-

परीक्षा समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त निर्देश दिये गये कि विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु नियुक्त किये जाने वाले उड़ने दस्तें तथा परीक्षा केन्द्र में नियुक्त होने वाले पर्यवेक्षकों को कम से कम दस वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है तथा अपरिहार्य परिस्थितियों में विश्वविद्यालय हित में आवश्यकतानुसार उसमें शिथिलता प्रदान करने हेतु मा0 कुलपति महोदय का अनुमोदन प्रदान किया जाय।

अन्त में परीक्षा समिति की 37 वीं बैठक अध्यक्ष महोदय व सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**<u>संलग्नक- Academic Calendar 2024-25</u>**

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक-सदस्य

(डॉ0 ओंकार सिंह)
मा0 कुलपति-अध्यक्ष



08/10

06/05/24

# VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY DEHRADUN

Ref. No. /UTU/AC/2024-25 Dated:

## P Academic Calendar Session 2024-25

| Event & Description | Dates/Day | |
|---|---|---|
| | ODD SEMESTER | EVEN SEMESTER |
| Registration for all students | 05 August 2024 (Monday) to<br>07 August 2024 (Wednesday) | 13 January 2025 (Monday) to<br>16 January 2025 (Thursday) |
| Commencement of classes | 08 August 2024 (Thursday) | 17 January 2025 (Friday) |
| Induction Programme for first semester Students (Preferably beyond class hours) | 09 August 2024 (Friday) to<br>30 August 2024 (Friday) | Updated will be very soon |
| Class Test-I for all students<br>Last Date for Showing Evaluated Answer Sheet to Studentfor Class Test-I | 19 September 2024 (Thursday) to<br>25 September 2024 (Wednesday)<br>30 September 2024 (Monday) | |
| Class Test-II for all students<br>Last Date for Showing Evaluated Answer Sheet to student for Class Test-II | 25 October 2024 (Friday) to<br>31 October 2023 (Thursday)<br>08 November 2024 (Friday) | |
| Week for extracurricular activities (preferably beyond class hours) | 04 November 2024 (Monday) to<br>10 November 2024 (Sunday) | |
| Filling of Examination form of Registered/Enrolled Students along with option for deletion of subject for the students admitted under Choice Based Credit System (CBCS) in 2022-23 | 15 September 2024 (Sunday) to<br>05 October 2024 (Saturday) | |
| Last Date of Teaching | 25 November 2024 (Monday) | |
| Last Date of Examination Fee Submission in University | 08 October 2024 (Tuesday) | |
| Last Date of Declaration of Examination Schedule | 26 November 2024 (Tuesday) | |
| Practical Examination (during practical examination classes may be continued in gaps to covers syllabus if left) | 26 November 2024 (Tuesday) to<br>07 December 2024 (Saturday) | |
| Last Date of submission the Sessional/Practical Marks | 10 December 2024 (Tuesday) | |
| Start of Semester Theory Examination | 09 December 2024 (Monday) | |
| Semester Break | 01 January to 12 January 2025 | |



09/10

06/05/2024

17

# VEER MADHO SINGH BHANDARI
# UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY DEHRADUN

Ref. No. /UTU/AC/2024-25 Dated:

## Revised Academic Calendar Session 2024-25

| Event & Description | Dates/Day | |
|---|---|---|
| | ODD SEMESTER | EVEN SEMESTER |
| Start Internship/Industrial Training | - | Updated will be very soon |
| Summer semester classes (optional) | - | |
| Result Declaration | Second week of February 2024 | |
| Filling of Examination form to attain minimum credits | - | |
| Last date of fee submission of Examination to attain minimum credits | - | |
| Examination Schedule for Examination to attain minimum credits | - | |
| Result declaration of Examination to attain minimum credits | - | |

**Note:**

1. The Institute shall ensure minimum teaching hours as prescribed in the University ordinance/regulatory body for eachsemester. If required the Director/Principal shall arrange extra classes on weekends/holidays.
2. The Director/Principal of the Institute shall ensure the submission of attendance of students to the university on a regular basis throughonline mode. If the students fail to appear in any test, it will be the responsibility of the Principal/Director of the Institute to arrange make-up class test for such students. If the student fails to appear in first class test, his/her makeup class test will be conducted before second class test and in case of second-class test at least one month before the start of end semester theory examination. The duration of class test will be minimum one hour of each class test, 70% attendance at 1st test and 75% attendance at second class test are required. In case attendance is short, parents are to be informed accordingly on monthly basis.
3. The Director/Principal of Institute shall ensure that the students who have not attained the minimum required attendance as per norms prescribed in relevant ordinance, are not allowed to appear in end semester examination. It will be obligatory on the part of the Director/Principal of the Institute to detain such students and their admit cards should not be issued to them. A list of students detained from appearing in University Examination(s) be submitted to Controller of Examination and examination centrebefore the commencement of the theory examination.
4. The Director/Principal of the Institute can declare mid- semester breaks as deemed suitable
5. Above calendar is subject to change as per exigencies, if any.

**(Prof. Satyendra Singh)**
**Registrar**

**Copy to:**

1. P.S. to Hon. Vice-Chancellor V.M.S.B. U.T.U. Dehradun
2. Finance Controller V.M.S.B. U.T.U. Dehradun
3. Controller of Examination V.M.S.B. U.T.U. Dehradun
4. All Directors/Principals for the affiliated campuses and institutes of V.M.S.B. U.T.U. Dehradun.
5. For Publish on University Portal

**(Prof. Satyendra Singh)**
**Registrar**



06/05/2024

18

संलग्नक-02

**VEER MADHO SINGH UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY**

**(A State Government University)**

**P.O. Chandanwari Premnagar, Suddhowala, Dehradun-248007, Uttarakhand**

## MINUTES OF BOS COMPUTER SCIENCE MEETING HELD ON 06/05/2024

Minutes of the BOS Computer Science held on 06/05/2024 in UTU regarding the approval of the university Ordinances and final syllabus related to BCA in the presence of all nominated members of the BOS under the chairmanship of Dr. Ajit Singh. The following members are presents.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr Ajit Singh | Professor, CSE, BTKIT Dwarahat | Chairman |
| 2 | Dr H.S. Bhadauria | Professor, CSE/MCA, GBPIET, Pauri | Member |
| 3 | Dr Ashish Negi | Professor, CSE/MCA, GBPIET, Pauri | Member |
| 4 | Dr Rajendra Kumar Bharti | Associate Professor, CSE, BTKIT Dwarahat | Member |
| 5 | Dr Vishal Kumar | Assistant Professor, CSE, BTKIT Dwarahat | Member |
| 6 | Dr Jitendra Singh Rauthan | Assistant Professor, CSE, GBPIET, Pauri | Member |

1. The Meeting started with the guidelines from the Chairperson BOS UTU Dr. Ajit Singh
2. The New proposed Ordinances related to the BCA program approved by AICTE was discussed and finalized.
3. The syllabus of BCA Three Year Fulltime was discussed, reviewed and finalized.

The meeting ended with thanks to the Chair.

6/5/24
Dr Jitendra Singh Rauthan

6/5/2024
Dr Vishal Kumar

Dr Rajendra Kumar Bharti

6/5
Dr Ashish Negi

6/5/2024
Dr H.S. Bhadauria

6/5/2024
Dr Ajit Singh

## MINUTES OF BOS MANAGEMENT OF VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTRAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY DEHRADUN

## MEETING HELD ON 06/05/2024

Minutes of the BOS Management held on 06/05/2024 in the conference hall of UTU regarding the approval of the Ordinances and final syllabus of the BBA course in the presence of nominated members of the BOS under the chairmanship of Dr. Anita Kaul Gupta.

1. The Meeting started with the guidelines from the Chairperson BOS UTU Dr. Anita Kaul Gupta.

2. The proposed ordinance and proposed Syllabus of BBA was circulated to all the BOS members through mail and their valuable feedback and consent was taken earlier and the suitably suggestions incorporated in the document during finalization.

3. The proposed BBA Ordinance was discussed with nominated members present in the meeting and after finalizing, the committee approved the Ordinance.

4. The syllabus of BBA Three Year Fulltime was discussed, with nominated members present in the meeting and after finalizing, the committee approved the syllabus and course structure.

The meeting ended with thanks to the Chair.

DR. ANITA KAUL GUPTA.

06/05/24
Dr. Rajesh

6/5/24
Dr Balvir Talwar

Dr. S. R. Sharma.

VMSB UTTRAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

Resolution of Board of Studies for Switching over from LL.M one year to LL.M 2 Years held on 6th May, 2024 at 11:00 am in University Campus.

The following members were present in the meeting: -

1. Dr. Sharafat Ali (Convener)
2. Prof (Dr) Mohammad Tariq (Special Invitee)
3. Dr. Archana Sharma (Member)
4. Dr. Phool Singh (Member)
5. Dr. G.K. Kapil (Member)
6. Dr. Tayyab Ali (Member)
7. Adv Aman Rab (Member)

At the outset of the meeting, knowing developments and compliance with the resolutions adopted in the previous meetings, all the members unanimously resolved to put their appreciation on record for the Hon'ble Vice-Chancellor, Registrar, Examination Controller and the other authorities of the university for implementing the resolutions into reality and congratulated all the persons involved in it.

The matters under agenda were thoroughly deliberated and discussed at length and it is unanimously resolved that-

1. Ordinance for switching over from LLM one year to LLM 2 Years containing admission eligibility, program duration, exam scheme, grading system etc. suggested by the University unanimously confirmed and adopted.

2. Detail syllabus of all specialized groups including core subjects and audit subjects suggested by the university unanimously confirmed and adopted.

Dr. Sharafat Ali (Convener)

Prof (Dr) Mohd Tariq (Special Invitee)

Dr. Archana Sharma (Member)

Dr. Phool Singh (Member)

Dr. G.K. Kapil (Member)

Dr. Tayyab Ali (Member)

Adv Aman Rab (Member)

संलग्नक-05


# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

# Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


**Ref.** 1243 /VMSBUTU-Ph.D/2024 **Date:** 30-04-2024

सेवा में,

कुलसचिव,
वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,
देहरादून।

**विषयः–विश्वविद्यालय विद्या परिषद की बैठक में एजेण्डा उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी।**

महोदय,

कृप्या उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पत्र सं0 280/विद्या परिषद/2024, दिनांक 29.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उक्त के द्वारा विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 अनुभाग से आगामी विद्या परिषद की बैठक हेतु एजेण्डा बिन्दु उपलब्ध कराये जाने हेतु अपेक्षा की गयी है जो निम्नवत् प्रस्तुत हैः–

1. माह दिसम्बर 2023 से आतिथि तक विश्वविद्यालय से पी0एच0डी0 पूर्ण कर चुके कुल 11 शोधार्थियों की विषयवार सूची संलग्न कर विद्या परिषद के अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
